
Approved Under Section **12A and 80G** of IT Act-Donations are now eligible for Tax Exemption as per rule.

रजि सं. - IV/921/2019
PAN AABTU0089J
Vol.- 3(2022)

2019
उत्तराखण्ड सतरुद्रा ट्रस्ट
पंजी.सं. IV/921/2019
समः सर्वेषु भूतेषु

# उत्तराखण्ड सतरुद्रा ट्रस्ट
# Uttarakhand Satrudra Trust



707, लेन नं०-7, विजय पार्क एक्टेशन, देहरादून-248001, उत्तराखण्ड
सम्पर्क - 9426614902, 9410390828
ई-मेल : satrudrauk@rediffmail.com

# उत्तराखंड सतरूद्रा ट्रस्ट ने की जरूरतमंद छात्रों की मदद

Tirth Chetna | September 24, 2022
0 | शिक्षा



Spread the love

Post Views: 111

*ऋषिकेश। उत्तराखंड सतरुद्रा ट्रस्ट ने संस्कृत विद्यालय में पढ़ रहे छह जरूरतमंद छात्रों की मदद की । साथ ही स्कूल के पुस्तकालय को*

## 'उत्तराखंड सतरुद्रा ट्रस्ट' द्वारा नेपाली संस्कृत विद्यालय में साधनहीन विद्यार्थियों को वितरित की स्कूल ड्रेस,विद्यालय पुस्तकालय में भेंट की पुस्तकें।

By Lekhanaddа | 23-Sep-2022 |
0

ऋषिकेश (राजीव लखेड़ा)।

'उत्तराखंड सतरुद्रा ट्रस्ट' द्वारा श्री नेपाली संस्कृत विद्यालय ऋषिकेश में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज के असहाय वर्ग के सहयोग के संकल्प के अंतर्गत 6 साधनहीन छात्रों को स्कूल ड्रेस वितरित की गई। साथ ही विद्यालय पुस्तकालय के लिए पुस्तकें भेंट की गई।

सहयोग के लिए चयनित छात्र-

1. चिराग कोठारी
... हित नौटियाल


# जनस्वर



## जन सहयोग न मिला तो लावारिश गो वंश की रक्षा करना कठिन हो जाएगा। WWW.JANSWAR.COM

October 3, 2022 | Janswar
उत्तराखंड, विशेष समाचार

# मुफ्त स्वास्थ्य जांच को लगा शिविर



शाह टाइम्स संवाददाता

ऋषिकेश। उत्तराखंड सतरुद्रा ट्रस्ट की ओर से नरेंद्रनगर ब्लॉक स्थित ग्राम बेराई में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दर्जनों ग्रामीणों ने शिविर का लाभ उठाया। इस दौरान चिकित्सकों ने शिविर में पहुंचे ग्रामीणों का न सिर्फ परामर्श दिया, बल्कि उन्हें मुफ्त दवाएं भी वितरित की। आयुष विभाग और क्षेत्र पंचायत सदस्य रामेश्वरी चौहान के सहयोग से आयोजित शिविर में 30 ज्यादा ग्रामीण स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पहुंचे।

उत्तराखंड स्वास्थ्य सेवाओं के पूर्व अतिरिक्त निदेशक और ट्रस्ट सदस्य डा. राकेश बलूनी शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य जांच के साथ ग्रामीण को निशुल्क दवाएं वितरित की। बताया कि शिविर में खासतौर पर श्वास और अल्प-रक्तता से ग्रसित ग्रामीण पहुंचे। मौके पर ग्राम प्रधान मनोज रावत, नरेंद्र सिंह चौहान, पूर्व प्रधान, सत्येंद्र सिंह, कान सिंह रिखोला, कुंवर सिंह चौहान, ट्रस्ट से विनोद बहुगुणा, मंगला प्रसाद थप. नाल, अनूप नड्डवाल, रौद्र सिंह असवाल, गणेश चंद्र जगियाल, सामाजिक गणेश जखूड़ी मौजूद थे।

## प्रादुर्भाव

**"जिस समाज से हमें सब कुछ मिला, चलिये यथा सामर्थ्य समाज को लौटाने का प्रयत्न करें"** इस भावना को लक्ष्य लेकर हम देहरादून निवासी, विभिन्न क्षेत्रों से सेवानिवृत एवं कालेज के सहपाठियों ने समाज कल्याण में अपनी भागीदारी देने हेतु एक ट्रस्ट की स्थापना की है। ट्रस्ट पूर्ण रूपेण सेवा समर्पित, अव्यावसायिक, रजिस्टर्ड और स्वयंसेवी संस्था है, जिसका प्रारम्भिक कार्यक्षेत्र उत्तराखंड राज्य और विशेषकर उसके सुदूर पर्वतीय क्षेत्र होंगे। उत्तराखंड समाज में सबसे निचले पायदान पर खड़े निर्धन समाज के छात्रों को छात्रवृत्ति देना, शिक्षा के स्तर मे सुधार हेतु प्रयास, असहाय लोगों को यथा संभव चिकित्सा सुविधा, पर्यावरण जागरूकता आदि अनेक लक्ष्यों को लेकर "उत्तराखंड सतरुद्रा ट्रस्ट" (रजि.) की स्थापना अक्टूबर 2019 में की गई। ट्रस्ट का विवरण आप 'Uttarakhand Satrudra Trust' फेसबुक पेज पर देख सकते हैं।

## लक्ष्य

1. विभिन्न वर्गों के शिक्षारत साधनहीन छात्र/छात्राओं को आर्थिक मदद करना।
2. गरीब बीमार नागरिकों को यथा सम्भव मदद करना।
3. असहाय संकटग्रस्त परिवारों को जीवन यापन करने के लिए यथा सम्भव मदद करना।
4. शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता के लिये ठोस कदमों से सुधार करना।
5. आम नागरिकों के चरित्र निर्माण व उसमें सुधार सम्बन्धी कार्यों में मदद करना।
6. राष्ट्र निर्माण व उससे जुड़ी भावना को प्रोत्साहन एवं महिला सशक्तिकरण आदि क्षेत्रों में योगदान करना।

## हमारे ट्रस्टी - कार्यकारिणी सदस्य

| क्र. | नाम व पता |
|---|---|
| 1. | श्री विनोद कुमार बहुगुणा, पूर्व मुख्य महा प्रबंधक, ओ०एन०जी०सी 707, लेन -7, विजय पार्क एक्स्टेन्शन, देहरादून। मो 9426614902 |
| 2. | श्री महेंद्र पाल सिंह नेगी,पूर्व महानिरीक्षक सी०आर०पी०एफ, हंसमुखी अपार्टमेंट, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून। मो - 9968260155 |
| 3. | डा० लक्ष्मण सिंह बिष्ट, पूर्व तकनीकी निदेशक, तेल क्षेत्र ओमान, 401 टावर 7, जी टी एम फॉरेस्ट हिल्स, मोहकमपुर, देहरादून। मो- 9824400370 |
| 4. | श्री मंगला प्रसाद बंगवाल, पूर्व अपर निदेशक, पी०सी०आर०ए (तेल एवं गैस मंत्रालय), 123 भगीरथी पुरम, जाखन, देहरादून। मो-9999633789 |
| 5. | श्री गणेश चन्द्र उनियाल, पूर्व मुख्य रसायनज्ञ ओ०एन०जी०सी, 5, गायत्री विहार, विजय पार्क एक्स्टेन्शन, देहरादून। मो- 7906900241 |
| 6. | श्री अनूप कुमार बड़थ्वाल, पूर्व महा प्रबंधक, ओ०एन०जी०सी, 6 कमला नगर, बल्लूपुर, देहरादून। मो- 9410390828 |
| 7. | श्री बीरेन्द्र सिंह गुसाँई, पूर्व उपायुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, स्ट्रीट-5, फेज-III, टी.एच.डी.सी.टी. एस्टेट, बंजारावाला, देहरादून। मो- 8005499588 |
| 8. | श्री हरेन्द्र सिंह असवाल, पूर्व प्रधानाचार्य इंटर कॉलेज जामणाखाल, पौड़ी गढ़वाल, तुलसी विहार, गुमानीवाला, ऋषिकेश, देहरादून। मो- 9412970898 |
| 9. | डा० राकेश बलूनी, पूर्व अतिरिक्त निदेशक (वरिष्ठ निश्चेतक) राजकीय दून मेडीकल कॉलेज, देहरादून, गुजराड़ा, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून। मो-9412052985 |

## हमारे लाभार्थी - शैक्षिक सहयोग

1 कृष्ण सिंह, कक्षा - 8, पुत्र स्व० बीर सिंह, ग्राम-टाट, सिद्धसौड़, रुद्रप्रयाग, उत्तराखंड। सहयोग राशि रु. 800/- प्रति माह (जनवरी 2020 से)

2. कु० हिमांति, कक्षा-11, पुत्री स्व० पद्मेंद्र सिंह, ग्राम-डिंड, गजा, रिखणीखाल, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड सहयोग राशि रु. 1000/- प्रति माह (जनवरी 2020 से मार्च 2022 तक)


कृष्णा सिंह,


हिमांति


अंशिका


संजीता


प्रिया


सागर सिंह


सोनाली बिष्ट


करिश्मा नेगी


तनीषा


रश्मि


अभिलाषा

**अच्छी शिक्षा पर ही उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी जा सकती है।**


मानसी नेगी


अनिकेत


मानसी नयाल


युवराज राणा


रागिनी


जिया

3. कु. अंशिका, कक्षा–6, पुत्री स्व० प्रमोद सिंह, ग्राम– दोनी, ऊखीमठ, रुद्रप्रयाग, मूल ग्राम–जाल मल्ला, रुद्रप्रयाग, उत्तराखंड। सहयोग राशि रु. 800/– प्रति माह (जनवरी 2020 से)
4. कु. संजीता, कक्षा– बी ए, पुत्री स्व० बीरबल सिंह, ग्राम–गुजरखंड, घेरुवा, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड सहयोग राशि रु. 1000/– प्रति माह (अप्रैल 2020 से मार्च 2022 तक)
5. कु. प्रिया सकलानी, कक्षा–10, 315, टी इस्टेट बंजारावाला, देहरादून, उत्तराखंड। सहयोग राशि रु. 800/– प्रति माह (अप्रैल 2020 से)

6. सागर सिंह, कक्षा–9, पुत्र स्व० सोहन सिंह, ग्राम–रैडुल, परसूँड़ाखाल, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड। सहयोग राशि रु. 800/– प्रति माह (जून 2020 से)
7. कु. सोनाली बिष्ट, कक्षा–बी ए (तृतीय वर्ष) पुत्री स्व. त्रिलोक सिंह बिष्ट, 79 टी एच डी सी कालोनी, लेन–९ बंजारावाला, देहरादून। सहयोग राशि रु. 1000/– प्रति माह (सितंबर 2020 से)
8. कु. करिश्मा नेगी, कक्षा–10, पुत्री स्व० धनवीर सिंह नेगी, ग्राम– उमरोली, यमकेश्वर, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड। सहयोग राशि रु. 800/– प्रति माह (सितंबर 2020 से मार्च 2022 तक)
9. कु. तनीषा पंत, कक्षा–12, पुत्री स्व० प्रेम बल्लभ पंत, ग्राम– डांडी, मोथरोवाला, कैंट रोड, देहरादून, उत्तराखंड। सहयोग राशि रु. 1000/– प्रति माह (सितंबर 2020 से)
10. कु. रश्मि, कक्षा–12, पुत्री स्व० महेंद्र सिंह , ग्राम– उमरोली, यमकेश्वर, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड। सहयोग राशि रु. 1000/– प्रति माह (सितंबर 2020 से)
11. अनिकेत, कक्षा–8, पुत्र स्व० सुनील सिंह, ग्राम– किमाना, ऊखीमठ, रुद्रप्रयाग, उत्तराखंड। सहयोग राशि रु. 800/– प्रति माह। (नवंबर 2020 से)
12. कु० मानसी नयाल, कक्षा– बी बी ए (तृतीय वर्ष), पुत्री स्व. देवेन्द्र नयाल, राजीव ग्राम, ढाल वाला, मुनि की रेती। टिहरी गढ़वाल। सहयोग राशि रु 1000/– प्रति माह। (मई 2021 से)
13. युवराज राणा, कक्षा–10, पुत्र स्व० जितेंद्र राणा, ग्राम– उदयरामपुर, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल। सहयोग राशि रु. 800/– प्रति माह। (अगस्त 2021 से)
14. कु. रागिनी, कक्षा–6, पुत्री स्व० अखिलेश कुमार, ग्राम– लमगौंडी, रुद्रप्रयाग। सहयोग राशि रु. 800/– प्रति माह। (दिसंबर 2021 से)
15. कु, जिया. कक्षा 5 पुत्री स्व० सुरेश चंद्र, 70 बड़गाँव, चौबटिया, अल्मोड़ा सहयोग राशि रु. 500/– प्रति माह। (सितंबर 2022 से)
16. कु अभिलाषा, कक्षा 12, पुत्री स्व० अजय कुमार मालगडी, बडियार गढ़, टिहरी गढ़वाल सहयोग राशि रु. 1000/– प्रति माह (सितंबर 2022 से)
17. कु. मानसी नेगी, कक्षा 10, पुत्री स्व० जगत सिंह नेगी ग्राम दिगथरी, अल्मोड़ा। सहयोग राशि रु. 800/– प्रति माह (सितंबर 2022 से)

## हमारे लाभार्थी-परिवार सहायता




1. जसोदा देवी, पत्नी स्व०अर्जुन लाल, ग्राम चौना पो०औ० उपराड़ी, रानीखेत, अल्मोड़ा। सहयोग राशि रु 1500/– प्रति माह (अक्टूबर 2020 से)




2. माया कत्युरा, पत्नी स्व० कांति बल्लभ, ग्राम कमोला, कालाढूँगी, नैनीताल। सहयोग राशि रु 1500/– प्रति माह (अक्टूबर 2020 से)




3. भानपति देवी पत्नी स्व० महिमा नन्द, ग्राम मुरोगी, उत्तरकाशी। सहयोग राशि रु 1500/– प्रति माह (अप्रैल 2021 से)
4. सिंदोरा देवी, पत्नी जय सिंह, ग्राम- डबराड़, पो० पाणीसैंण, रिखणीखाल, पौड़ी गढ़वाल। सहयोग राशि रु 1500/– प्रति माह (दिसंबर 2021 से)



5. पार्वती देवी, पुत्री श्री राम सिंह, टैगोर कॉलोनी, तुलसी नगर, पॉलीशीट काठगोदाम, नैनीताल। सहयोग राशि रु 1500/– प्रति माह (अक्टूबर 2021 से)
6. कृष्णा देवी, ग्राम- बैराई गांव (कखिल) जिला- टिहरी गढ़वाल। सहयोग राशि रु 1500/– प्रति माह (अक्टूबर 2022 से)
7. राधा देवी, पत्नी स्व० राम सिंह, ग्राम व पो० मंगदोली, रानीखेत, अल्मोड़ा। सहयोग राशि रु 1500/– प्रति माह (मई 2022 से)

## साहित्य चर्चा



हमारे ट्रस्टी डॉ. राकेश बलूनी के द्वारा प्रकाशित काव्य संग्रह ''काव्य औषधि'' का ट्रस्ट द्वारा विमोचन किया गया। डॉ. बलूनी ने इस पुस्तक से अर्जित सहयोग राशि

को ट्रस्ट को समर्पित किया। डॉ. बलूनी चिकित्सा जगत के साथ-साथ साहित्य जगत में भी एक विशेष पहचान रखते हैं। ट्रस्ट उनके भावी जीवन के लिए सुख समृद्धि की कामना करता है।

## शिक्षा के लिए आयोजित प्रोत्साहन कार्यक्रम

दिनांक 23.09.2022 को "उत्तराखंड सतरुद्रा ट्रस्ट" द्वारा श्री नेपाली संस्कृत विद्यालय ऋषिकेश में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज के असहाय वर्ग के सहयोग के संकल्प के अंतर्गत 6 साधनहीन छात्रों को स्कूल ड्रेस वितरित की गई। साथ ही विद्यालय पुस्तकालय के लिए पुस्तकें भेंट की गई।



**सहयोग के लिए चयनित छात्र-**

1. चिराग कोठारी 2. मोहित नौटियाल 3. सत्यव्रत भट्ट
4. युवराज शर्मा 5. शुभम उनियाल 6. शिवम भट्ट

उक्त मद में कुल रु 15000/- व्यय किये गए।

## गौशाला संरक्षण में योगदान




यमकेश्वर, पौड़ी गढवाल के गाँव किमसार में गौवंश के संरक्षण के महत्वपूर्ण कार्यों में लगी संस्था को गौशाला की देखरेख में मदद के लिये

रु. 5000/– का सहयोग किया गया। वर्तमान में यहां 50 से अधिक गौवंश हैं। इस गौशाला को रु.10000/– वार्षिक राशि दी जानी तय की गई है।

## चिकित्सा सहायता : स्वास्थ्य शिविर

दिनांक 30 अक्टूबर 2022 को उत्तराखंड सतरुद्रा ट्रस्ट द्वारा ग्राम सभा बैराई गांव, फकोट, टिहरी गढवाल में आयुष विभाग के श्री गणेश खंडूरी, फार्मासिस्ट राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय बांस काटल, नरेन्द्र नगर, टिहरी गढ़वाल के सहयोग से एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के सदस्य डा. राकेश बलूनी ने रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में कुल 30 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं नि:शुल्क दवाएं वितरित की गई।







## प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान



दिनांक 07 नवंबर 2022 को उत्तराखंड सतरुद्रा ट्रस्ट द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायपुर, देहरादून में प्रात: 11 बजे 'प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त

भारत अभियान' के अंतर्गत 6 टी. बी. मरीजों को 6 माह तक पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। एक सूक्ष्म कार्यक्रम में केंद्र के प्रभारी डा. प्रताप सिंह रावत की उपस्थिति में इन मरीजों को पहले माह का निर्धारित पौष्टिक आहार भेंट किया गया। ट्रस्ट के सदस्यों ने जानकारी दी कि इस कार्यक्रम को शीघ्र ही प्रदेश के पर्वतीय जिलों में भी लागू किया जायेगा।



## मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन राशि वितरण

उत्तराखंड सतरुद्रा ट्रस्ट ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन के क्रम में उत्तराखंड परिषदीय परीक्षाओं में मेरिट सूची में पर्वतीय जिलों के प्रथम 8 स्थान पर रहने वाले 15 मेधावी छात्र-छात्राओं (6 इंटरमीडिएट एवं 9 हाईस्कूल) का चयन कर सम्मानित करने का निर्णय लिया। इसके अंतर्गत एक सम्मान पत्र एवं इंटरमीडिएट के छात्रों को रु 5000/- एवं हाईस्कूल के छात्रों को रु 4000/- की सम्मान राशि वितरित की गई। इस मद में कुल






रु 66000/– की राशि वितरित की गई। ट्रस्ट अपने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करता है एवं सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। आप सभी की सूचना के लिए सभी बच्चों का विवरण दिया जा रहा है।









## विभिन्न जनपदों में मेधावी छात्र/छात्राओं की सूची

| कक्षा | छात्र का नाम | स्कूल का नाम | % अंक | अंक | रैंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 12 | अंशुल बहुगुणा | एस०पी०वी०एम० इण्टर कॉलेज, गोपेश्वर, चमोली। | 96.80 | 484 | 2 |
| 12 | सुमित सिंह मेहता | विवेकानंद विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज, मंडलसेरा, बागेश्वर। | 96.60 | 483 | 3 |
| 12 | विपिन सिंह | सरस्वती विद्यामंदिर इंटरकॉलेज शक्तिपुरम, चिन्यालीसौड़, उत्तरकाशी । | 96.20 | 481 | 5 |
| 12 | सागर पुरोहित | राजकीय आदर्श इण्टर कॉलेज, थराली चमोली। | 95.60 | 478 | 7 |
| 12 | कमल बिष्ट | राजकीय इण्टर कॉलेज, अल्मोड़ा। | 95.60 | 478 | 7 |
| 12 | अंकित पाण्डे | राजकीय इण्टर कॉलेज, अल्मोड़ा। | 95.40 | 477 | 8 |
| 10 | मुकुल सिलस्वाल | सुभाष इण्टर कॉलेज थौलधार, टिहरी गढ़वाल। | 99.00 | 495 | 1 |
| 10 | आयुष अवस्थी | सुमन ग्रामर उ०मा० विद्यालय ब्रह्मखाल, उत्तरकाशी। | 98.60 | 493 | 2 |
| 10 | आयुष जुयाल | सुभाष इण्टर कॉलेज थौलधार, टिहरी गढ़वाल। | 98.60 | 493 | 2 |
| 10 | रबीना कोरंगा | विवेकानंद विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज मंडलसेरा, बागेश्वर। | 98.40 | 492 | 3 |
| 10 | समीक्षा | सरस्वती विद्यामंदिर इंटर कॉलेज शक्तिपुरम, चिन्यालीसौड़, उत्तरकाशी। | 97.80 | 489 | 6 |
| 10 | नितिन बिष्ट | एम०जी०जी०एस०वी०एम० इण्टर कॉलेज, बेलनी, रुद्रप्रयाग। | 97.80 | 489 | 6 |
| 10 | तनुजा | सरस्वती विद्या मंदिर इंटरकॉलेज शक्तिपुरम, चिन्यालीसौड़, उत्तरकाशी। | 97.60 | 488 | 7 |
| 10 | कुमकुम चौबे | विवेकानंद विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज मंडलसेरा, बागेश्वर। | 97.20 | 486 | 8 |
| 10 | अभय उपाध्याय | खोलिया विवेकानंद इंटर कॉलेज गरूड़, बागेश्वर। | 97.20 | 486 | 8 |

## शाखा कार्यालय

ट्रस्टी डा. लक्ष्मण सिंह बिष्ट द्वारा अपने नवनिर्मित व्यावसायिक परिसर श्री कृष्ण कॉम्प्लेक्स, मोथरोवाला–डोईवाला रोड़, नांगल ज्वालापुर, दूधली में ट्रस्ट को शाखा कार्यालय के हेतु निःशुल्क स्थान उपलब्ध कराया गया है। ट्रस्ट की यहां पर पहली मीटिंग दिनांक 20 अगस्त 2022 को की गई। ट्रस्ट उनके इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता है।



## भावी कार्यक्रम

- ट्रस्ट का विस्तारण। ऊर्जावान युवाओं को आगे लाना एवं नए सहयोगियों को सम्मिलित करना।
- वर्तमान में चयनित कार्यों को आगे बढ़ाना।
- सार्वजनिक शिक्षा से जुड़े विद्यालयों में विकास कार्य और शैक्षणिक उन्नयन के लिए सहयोग।
- विद्यालयों में भविष्य निर्माण संबंधी व्याख्यान आयोजित करना।
- उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पिछड़े क्षेत्रों के छात्रों को पुरस्कृत करना।
- व्यावसायिक कोर्स जैसे नर्सिंग, फार्मेसी आदि कर रहे पहाड़ी बच्चों को आर्थिक सहयोग।
- शिक्षा अनुदान के लिए अधिक से अधिक संख्या में गरीब और वंचित छात्रों की सहायता हेतु चयन करना।
- खेल कूद में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को आर्थिक सहायता देना।
- उत्तराखंड के दूरस्थ विद्यालयों में शिक्षारत संसाधनहीन छात्रों को आर्थिक सहयोग।
- उत्तराखंड के पारंपरिक वाद्य यंत्रों के संरक्षण एवं प्रसार के लिए प्रयास करना।

## योगदान देने वाले निरंतर एवं नियत कालीन सहयोगी–

वार्षिक 15000/– रुपये तथा 1000/– रुपये मासिक का योगदान करने वाले नियमित ट्रस्टी कार्यकारिणी सदस्य हैं।

ट्रस्ट उन सभी दानदाताओं का आभारी है जिनका हमें निरंतर सहयोग मिला

और हम समाज के बीच कुछ काम कर सके। अपने सहयोगियों के नाम साझा करने में हम गर्व महसूस कर रहे हैं।

श्री गणेश प्रसाद डोभाल, पौड़ी। श्री एस पी नैनवाल, श्री आशीष थपलियाल, श्री अंशुल शैली बहुगुणा, अहमदाबाद। श्री सिद्धार्थ बहुगुणा, पुणे। श्री गिरीश सुन्दरियाल, श्री सुनील कन्नोजिया, मुम्बई। श्री गिरीश चंद्र डिमरी, श्री मनोज रावत, दिल्ली। श्री सौरभ बिष्ट, यूनाइटेड स्टेट्स। श्री जितेंद्र सिंह चौधरी, आस्ट्रेलिया। श्रीमती शाखा देवी सेमवाल, सुश्री रूचि नेगी, श्री आर.आर. सेमवाल, श्री महेश रतूड़ी, श्रीमती शोभा रतूड़ी, श्री बीरबल असवाल, श्री आयुष नेगी, श्री रोशन बड़थ्वाल, श्री अरुण बड़थ्वाल, श्री आलम बिष्ट, श्री जनार्दन प्रसाद, सुश्री मुनमुन भट्टाचार्या, श्री शुभम कालरा, श्रीमती बीना राईकवाड़, श्री राकेश सिंघल, देहरादून।



**सदस्यता सहयोग** – ट्रस्टीः रु. 15000.00 वार्षिक एवं रु 1000/– मासिक
सामान्य सदस्यः रु 1000/– मासिक। दान स्वरूपः स्वेच्छानुसार

बैंक खाते का विवरण व नाम – **उत्तराखंड सतरुद्रा ट्रस्ट**
**खाता सं : 38997428349   IFS कोड – SBIN0013433**
भारतीय स्टेट बैंक, जनरल महादेव सिंह रोड, देहरादून।
**BHIM UPI NO- 9410390828@upi**
**e-mail : satrudrauk@rediffmail.com**

गढ़ वार्ता ,सम्पादक- शैलेन्द्र थपलिया...

**गढ़ वार्ता ,सम्पादक- शैलेन्द्र थपलियाल**

Sep 10 at 11:45 ·

पौड़ी। उत्तराखंड सतरुद्रा ट्रस्ट ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन के क्रम में उत्तराखंड परिषदीय परीक्षाओं में मेरिट सूची में पर्वतीय जिलों के प्रथम 8 स्थान पर रहने वाले 15 मेधावी छात्र-छात्राओं (6 इंटरमीडिएट एवं 9 हाईस्कूल) का चयन कर सम्मानित करने का निर्णय लिया। इसके अंतर्गत एक सम्मान पत्र एवं इंटरमीडिएट के छात्रों को ₹ 5000/ एवं हाईस्कूल के छात्रों को ₹ 4000/ की सम्मान राशि वितरित की गई। इस मदद में कुल ₹ 66000/ की राशि वितरित की गई। ट्रस्ट अपने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करता है एवं सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। आप सभी की सूचना के लिए सभी बच्चों का विवरण दिया जा रहा है।...

# उत्तराखंड सतरुद्रा ट्रस्ट ने बैरई गांव में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

Tirth Chetna   October 31, 2022   0

स्वास्थ्य



# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**रायवाला, (पंजाब केसरी):** उत्तराखंड सतरुद्रा ट्रस्ट द्वारा ग्राम सभा बैराई गांव, नरेंद्र नगर में आयुष विभाग के सहयोग में ग्राम बैरई के क्षेत्र पंचायत सदस्य रामेश्वरी चौहान के पहल पर एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के सदस्य डा. राकेश बलूनी पूर्व अतिरिक्त निदेशक उत्तराखंड स्वास्थ्य सेवा ने रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में 30 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं नि:शुल्क दवाएं वितरित की गई। शिविर में सम्मिलित हुये रोगियों में मुख्यत: श्वास एवं अल्प-रक्तता के रोगी अधिक पाये गए । शिविर में नरेन्द्र सिंह चौहान पूर्व प्रधान, सत्येंद्र सिंह चौहान, मनोज दास ग्राम प्रधान, कान सिंह दिखोला पूर्व प्रधान एवं कुंवर सिंह चौहान का विशेष सहयोग रहा। ट्रस्ट की ओर से विनोद बहुगुणा, मंगला प्रसाद बंगवाल, अनूप बड़थ्वाल, हरेंद्र सिंह असवाल एवं गणेश चन्द्र उनियाल उपस्थित रहे।

**गढ़ वार्ता**

Home > पौड़ी > डांडामंडल क्राफ्ट एसोसिएशन के संस्थापक गिरीश कंडवाल के द्वारा संस्था के माध्यम से किया जा रहा गौवंश का संरक्षण

# डांडामंडल क्राफ्ट एसोसिएशन के संस्थापक गिरीश कंडवाल के द्वारा संस्था के माध्यम से किया जा रहा गौवंश का संरक्षण

**जनस्वर**

उत्तराखंड सतरुद्रा ट्रस्ट द्वार आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 30 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण। WWW.JANSWAR.COM

October 30, 2022   janswar

-नागेन्द्र प्रसाद रतूड़ी

उत्तराखंड सतरुद्रा ट्रस्ट द्वार आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 30 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण।

2019

उत्तराखण्ड सतरुद्रा ट्रस्ट

पंजी.सं. IV/921/2019

समः सर्वेषु भूतेषु

हिमश्री प्रेस, देहरादून मो– 9259957917